हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025



04 मरीजों को दें बेहतर उपचार, चिकित्सालय में ही उपलब्ध...



07 125 बीएलओ ने शत प्रतिशत किया काम, इनमें 101...



## खबर संक्षेप

### मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम विजय टाकीज चौराहे पर होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन इस नवंबर माह के अंतिम रविवार को महाराणा प्रताप प्रतिमा, विजय टाकीज चौराहे पर युवा नेता चैतन्य कृष्ण पांडे के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, यंग ब्रिगेड, नगर निगम पार्षदों और सेवादल परिवार के परिजनों से कार्यक्रम में 30 नवंबर दिन रविवार सुबह 10.30 पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

### श्यामलम लोक सम्मान पर्व का आयोजन 7 दिसम्बर को

**सागर।** श्यामलम संस्था सागर के प्रतिष्ठित वार्षिक कार्यक्रम लोक सम्मान पर्व का आयोजन दिनांक 7 दिसम्बर 2025 रविवार को दोपहर 1.00 बजे से रविंद्र भवन सागर में आयोजित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2014 से प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। संस्था द्वारा उक्त आशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए सभी गणमान्य नागरिकों से इस अवसर पर उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी। ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी.टी.एम.एस. ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक/बालिका) बैडमिंटन प्रतियोगिता

# मौसम के अनुकूल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, गर्ल्स प्रतियोगियों को विशेष सुरक्षा दी जाए: जिला पंचायत सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मौसम के अनुकूल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, गर्ल्स प्रतियोगियों के लिए आवास एवं मैदान पर विशेष व्यवस्था की जावे, भोजन की विशेष व्यवस्थाएं की जाएं, खेल मैदान पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे। उक्त निर्देश जिला पंचायत सीईओ श विवेक के वी ने 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक/बालिका) बैडमिंटन प्रतियोगिता के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोग शिक्षक सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, सहायक संचालक मनीषा अलेक्जेंडर, डॉक्टर आशुतोष गोस्वामी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती निगम, सहायक संचालक मृत्युंजय कुमार, सहायक संचालक अनिता कुमार, प्राचार्य सुधीर तिवारी, प्राचार्य महेंद्र प्रताप तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं समितियां से जुड़े संयोजक मौजूद थे।



69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष से कम आयु वर्ग (बालक/बालिका) बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ विवेक के वी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक के वी ने कहा कि प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी खेल मैदानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवा के साथ उपलब्ध रहे। इसी प्रकार सभी आवास स्थलों पर भी लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में पांच पांच बेड रिजर्व रखे जावे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जावे। उन्होंने कहा कि सभी आवास स्थलों एवं मैदान पर मच्छररोधी दबा का छिड़काव किया जाए एवं आवास स्थलों पर गर्म पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे, गद्दे, रजाई की उचित व्यवस्था रखी जाए। आवास स्थलों एवं खेल मैदान पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था भी सुनिश्चित रखी जावे। उन्होंने निर्देश दिए की अन्य राज्यों से आने वाले प्रतियोगियों को सभी प्रकार की सुरक्षा भी प्रदान की जावे एवं यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी गर्ल्स प्रतियोगी यदि कहीं जाती है तो उसके साथ उसके टीम मैनेजर के साथ स्थानीय व्यक्ति साथ में रहे।जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी कहा कि प्रतियोगिता के लिए जिन समितियों का गठन किया गया है उसमें जो संयोजक, सहायक संयोजक एवं सदस्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे प्रतियोगियों को आवास से खेल मैदान तक आने-जाने एवं स्टेशन से आवास स्थल एवं खेल मैदान तक आने-जाने के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था की जावे। उन्होंने निर्देश दिए की संपूर्ण प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करें जिसमें 24 घंटे के हिसाब से अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जावे। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग श्री शत्रुंजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए डेढ़ दर्जन से अधिक समितियों का गठन किया गया है जिसमें अधिकारी प्राचार्य शिक्षक खेल शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है एवं उनके लिए सभी आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया है।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों/क्षेत्रों से लगभग 440 विद्यार्थी एवं 220 ऑब्जर्वर, मैनेजर, कोच इत्यादि प्रतिभागी होंगे। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन सागर शहर की तीन खेल मैदाने जिसमें की नगर निगम स्टेडियम खेल परिसर एवं प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज मकरोनिया में आयोजित किए जाएंगे।




## 147वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर की 156 वीं जयंती के पुनीत अवसर पर उनके पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 147 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ जिसमें 138 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। जिसमें श्वास 40, रक्त शर्करा 45, यूरिक एसिड 5, बॉडी मांस 30, हीमोग्लोबिन 8 की जांच की गई यह शिविर । शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, रजाखेड़ी, पथरिया जाट, बिलहरा, तिली, चना टोरिया , बदतूमा, बम्होरी रेगवा, पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में वीरेंद्र गोस्वामी, यशवंत कुमार, अर्पित देसाई, सत्येश शुक्ला, राजेंद्र रावत, अंकित मिश्रा , दीपक मिश्रा, सोनू साहू, अजय द्विवेदी इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। 148 वां शिविर दिनांक 24/12/2025 को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।




## सागर विधानसभा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**सागर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सागर विधानसभा की भारतीय जनता पार्टी के एसआईआर जिला प्रभारी, बीएलए-1, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन तथा मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सागर जिले के अभियान प्रभारी अमित नुना उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की गंभीरता पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बूथ स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए बताया गया कि बीएलए को निर्धारित लक्षित मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना फ़ॉर्म भरवाने, आवश्यक दस्तावेज जुटाने और मतदाताओं को प्रक्रिया समझाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विधायक जैन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी अपने-अपने स्तर पर एक कार्यकर्ता समूह तैयार करें और दिनभर के कार्यों की जानकारी समूह में साझा करें, ताकि पारदर्शिता बढ़े और अन्य कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने अभियान को जनभागीदारी से अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। अभियान प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा।बैठक में डॉ. वीरेंद्र पाठक, रामेश्वर नामदेव, रामकुमार साहू, विक्रम सोनी, अमित बैसाखिया, मेघा दुबे, नीरज यादव, नीलम अहिरवार, अंशुल हर्षे, विकास केसरवानी, सतीश जैन, नितिन सोनी, राहुल वैद्य, कुलदीप खटीक, पंकज भट्ट, पूजा केसरवानी सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वर्मा वक्तव्य बवाल: अब ब्राह्मण शक्ति उतरी मैदान में, कोतवाली के सामने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर दिए गए अमर्यादित वक्तव्य का बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है, अब ब्राह्मण समाज की महिलाएं भी सड़क पर उतर आई है। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे कॉरिडोर चकराघाट पर ब्राह्मण समाज की सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुई और संतोष वर्मा के पुतले के साथ एलिवेटेड कॉरिडोर से जुलूस के रूप में कोतवाली के सामने पहुंची और नारेवाजी करते हुए पुतला फूंक दिया। सभी महिलाएं हाथों में तख्तियां भी लिए थी जिनपर बेलगाम अधिकारी मुर्दाबाद, वर्मा पर हो एफआईआर, संतोष वर्मा को गिरफ्तार करो आदि नारे लिखे हुए थे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं प्रतिभा चौबे ने कहा कि जब तक एफआईआर के साथ उचित कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं की जाती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा यदि कार्रवाई में देरी हुई तो आंदोलन को और बड़े स्तर पर ले जाया जाएगा। इस मामले में ढ़लाई से समाज में गलत संदेश जाएगा और भविष्य में ऐसे बयान देने वालों का मनोबल बढ़ेगा वर्मा को बर्खास्त




किया जाना चाहिए। मनोरमा उपाध्याय ने कहा हम अपने स्वाभिमान की रक्षा खुद करना भी जानते है इसलिए ही आज महिलाएं सड़क पर उतरी है । भारतवर्ष में अनादिकाल से नारी के देवी स्वरूपा कहा जाता रहा है और आईएएस वर्मा जैसे लोग संस्कृति और परपंरा पर कुठाराघात कर रहे है हम ये सहन नहीं करेंगे। संगीता रावत ने कहा संतोष वर्मा के चरित्र पर पहले भी कानूनी विवाद और कारावास का इतिहास रहा है। उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सार्वजनिक रूप से भड़काऊ बयान जारी किया, जिसमें विशेष रूप से ब्राह्मण समुदाय को निशाना बनाया गया ये बहुत ही निंदनीय है। महिमा तिवारी ने कहा बेटी किसी की भी हो, एक जैसी ही पूज्य है। जो भारतीय समाज बेटियों में देवी के दर्शन करता है, उस समाज का कोई उच्च अधिकारी ऐसे निकृष्ट विचार रखे, यह कृत्य घिनौना है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने निकृष्ट सोच की तुष्टि के लिए बेटियों की मर्यादा को तार-तार करने वाला भारतीय प्रशासनिक सेवा के लायक तो कतई नहीं है। इसे समाज से दंड मिलना चाहिए और कानून से भी। प्रदर्शन में ब्राह्मण समाज के पं.भरत तिवारी, पं. पप्पू तिवारी, पं.शिवप्रसाद तिवारी, दिनकर तिवारी, डॉ डीपी चौबे, राजेश पाराशर, प्रियंक दुबे, डॉ रामचंद शर्मा, जयदीप चौबे, महेश तिवारी, रामू दुबे, आरती मिश्रा, उषा तिवारी, अनामिका रिछारिया, आस्था मिश्रा, निकिता तिवारी, मेघा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।



## संविधान दिवस पर जूनियर गर्ल्स कैडेट द्वारा सेमीनार

**सागर।** सांदिपनि शा.म.बा.क्रं 01 सागर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं सेमीनार का आयोजन किया गया। शाला में संचालित 7 एम.पी. बटालियन की जूनियर गर्ल्स कैडेट अंशिका साहू ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया शाला एन.सी.सी. प्रभारी प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा ने बताया कि भारतीय संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है जो 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। कैडेट द्वारा संविधान विषय पर वार्ता सेमीनार आयोजित की गई वेबिनार में कैडेट, गौरी सोनी, कैडेट स्वतिका, कैडेट समृद्धि जैन, कैडेट योगिका सोनी, कैडेट पूर्वी सिंह, कैडेट अंशिका विश्वकर्मा, कैडेट आराध्या साहू ने सहभागिता दी। 7 एम.पी. बटालियन से सूबेदार मेजर सतीश कुमार ने इस अवसर पर कैडेटस को संविधान की जानकारी देते हुये बताया कि यह एक लिखित दस्तावेज है जो सरकार की संरचना, शक्तियों और कर्तव्यों के साथ-साथ नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। मूलरूप से इसमें 395 अनुच्छेद 22 भाग और 8 अनुसूचियां थी। इस अवसर पर शाला प्राचार्य विनय कुमार दुबे व गर्ल्स बटालियन के सी.एच.एम. प्रदीप कुमार राय, एडीपीसी अभय श्रीवास्तव, एपीसी देवेन्द्र चौबे, शिक्षका मंजूलता जैन, शिक्षिका सत्या शर्मा व स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन शाला एन.सी.सी. प्रभारी फर्स्ट ऑफीसर स्मिता मिश्रा ने किया, कार्यक्रम का संचालन कैडेट देवांगना उपाध्याय ने किया।




## बण्डा में न्यायिक अधिकारीगण हेतु निर्मित आवासगृह का लोकार्पण

**सागर।** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग सागर द्वारा तहसील बण्डा में न्यायिक अधिकारीगण हेतु निर्मित 01 डी टाईप, 02 ई टाईप एवं 02 एफ टाईप आवासगृह का निर्माण कार्य की लागत राशि रू. 416.96 लाख का लोकार्पण न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति द्वारकाधीश बंसल न्यायाधीश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला सागर द्वारा वर्चुअल माध्यम से महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उक्त भवन के निमार्ण हेतु विधि विधायी कार्य विभाग द्वारा राशि रू. 416.96 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 26.12.2022 को लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग सागर को जारी की गई थी। न्यायिक अधिकारीगण हेतु आवासीय भवनों का निर्माण कार्य दिनांक 31.05.2023 को प्रारंभकिया गया जिसे दिनांक 05.09.2025 को पूर्ण किया गया। न्यायिक अधिकारीगण हेतु निर्मित भवनों में 01डी टाईप, 02 नग ई टाईप एवं 02 नग एफ टाईप आवासगृह का निर्माण किया गया है, जिनका कुल बिल्टअप एरिया 1190.84 वर्गमीटर है।

## सागर के मतदान केंद्र रिछा में एस आई आर सर्वे 2025 हुआ 100 प्रतिशत पूर्ण

**सागर।** जिला सागर के खुरई विधानसभा क्षेत्र (क्र. 36) अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 168, शासकीय प्राथमिक शाला रिछा से बीएलओ विजय सिंह जाट ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) सर्वे 2025 का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया। इस मतदान केंद्र पर कुल 495 मतदाता हैं और सभी मतदाताओं का डाटा सफलतापूर्वक ऑनलाइन फीड कर दिया गया है। बीएलओ विजय सिंह जाट के साथ विजय सिंह गौड़, सचिव ग्राम पंचायत मड़ावन राजन सिंह जाट, कुमारी रूपाली तिलेश्वर साथ रहीं।इस उपलब्धि का सबसे बड़ा श्रेय बीएलओ विजय सिंह जाट को जाता है, जो अपनी सेवा के अंतिम चरण में हैं और आंखों की रोशनी कम होने के बावजूद पूरी निष्ठा और गंभीरता से कार्य करते रहे। उन्होंने स्वयं घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना-पत्रक की प्रति प्रदान की, जानकारी एकत्र की तथा ऑनलाइन फीडिंग का कार्य संपन्न किया।

जिले का मुख्य कार्यक्रम वृंदावन बाग मंदिर में एक दिसंबर को

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। कलेक्टर ने बताया मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश अनुसार गीता जयंती 1 दिसंबर को मनाने की निर्देश प्राप्त हुए हैं इसी परिपेक्ष में आज कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी विवेक के वी अपर कलेक्टर अविनाश रावत के द्वारा जिले में गीता जयंती मनाने की संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला सागर आयुक्त नगर निगम जिला सागर अतिरिक्त संचालक उच्चशिक्षा प्राचार्य शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर जेल अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र उपसंचालक जनसंपर्क विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

गीता जयंती के संबंध में आयोजित बैठक में निर्देश दिए गए की गीता जयंती जिले के सभी विकासखंडों सहित जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाए। जिसमें जनप्रतिनिधियों, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, जेल विभाग, जनसंपर्क विभाग, संस्कृति संचालनालय



कृष्णा पाथेय, न्यास गीता परिवार इस्कॉन मंदिर सहित अन्य स्थानीय संस्थाएं शामिल होंगी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिला का मुख्य कार्यक्रम वृंदावन बाग मंदिर बस स्टैंड गोपालगंज में आयोजित किया जाएगा जिसमें 5100-5100 गीता पाठीयों जिला मुख्यालय पर एवं विकासखंड मुख्यालय पर पांच पांच सौ गीता पाठीयों का बाचन होगा। जिला मुख्यालय में गीता जयंती के अवसर पर सभी शासकीय शासकीय श्री कृष्ण मंदिरों न्यास गोपाल संस्थान एवं अन्य संस्थाओं की सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं सभी श्री कृष्ण मंदिरों की साफ सफाई सिंगार एवं रोशनी की जाए। गीता जयंती के अवसर पर श्री कृष्णा के जीवन पर एवं गीता पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाए। कलेक्टर संदीप गर के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी विवेक के वी एवं नगरी क्षेत्र के लिए नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

01 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाना है। जिसमें संभागीय मुख्यालयों पर, जिला मुख्यालयों पर, विकासखंड स्तर पर, गीता पाठियों के कार्यक्रम विश्व गीता प्रतिष्ठानम् एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से किया जाना है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी एवं श्रीमद्भगवतगीता के 15वें अध्याय पर आधारित पाठ का सस्वर वाचन किया जावेगा।

उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर को नोडल अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम जिला सागर को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रो में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर, तथा अनुविभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा०) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियों, जनसामान्य, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उच्चतर माध्यमिक के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित कर उक्त कार्यक्रम को व्यवस्थित सम्पन्न करावें।

### कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम उपायुक्त एस एस बघेल ने कार्यक्रम स्थल वृंदावन बाग मंदिर का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ विवेक के बिना निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जावे मुख्य रूप से पेयजल पार्किंग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर एलईडी लगाई जाए जिससे मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना जा सके।

### स्वास्थ्य सेवाओं के सत्यापन के लिए मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# मरीजों को दें बेहतर उपचार, चिकित्सालय में ही उपलब्ध हो दवाइयां: प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री, मुस्लिम वक्फ एवं हज/जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, निशुल्क जांचे उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे



पहले महिला चिकित्सालय के पर्चा पंजीकरण काउंटर को देखा, यहां पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि अब क्यू आर कार्ड स्कैन करके भी पर्चा बनाया जा सकता है और खिड़कियों पर भी बनाया जाता है। इसके बाद उन्होंने चर्म रोग ओपीडी का निरीक्षण किया, यहां पर चर्म रोग चिकित्सक डा.मुकेश सेठ मरीजों को देखते हुए पाये गए, मरीजों की पंजिका का अवलोकन करते हुए चिकित्सक से मरीजों के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया कि आज 151 मरीज देखे गए हैं, प्रतिदिन लगभग 350 देखे जाते हैं। चिकित्सालय में 3 चर्म रोग चिकित्सक हैं। इसके अलावा चिकित्सालय में अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं, शॉर्टेज होने पर जन औषधि केन्द्र से दवाएं दिलायी जाती हैं। निर्देश दिये गए मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए, साथ ही सभी को चिकित्सालय से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाएं।

#### औषधि भंडार और औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण

प्रभारी मंत्री ने जनरल ओपीडी को निरीक्षण किया, यहां उपस्थित चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 150 मरीज देखे जा रहे हैं, अधिकांश सर्दी जुकाम के मरीज आ रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने दवाओं के सत्यापन हेतु औषधि भंडार कक्ष और औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने दवाओं का स्टॉक रजिस्टर व दवाओं को देखा। लगभग सभी दवाएं उपलब्ध पायी गईं। निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर से बेहतर दवाएं उपलब्ध करायें, ताकि मरीजों को बाहर से दवा न खरीदना पड़े। इसके अलावा प्राचार्य द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन व कार्डिक सर्जन की तैनाती के लिए शासन से पत्राचार किया गया है। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह सहित अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ टेल तक पहुचाएं पानी

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश रैंकिंग में ललितपुर ने पाया दूसरा स्थान

**ललितपुर।** राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। वहीं उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बैठक को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों को चिन्हित किया जाएगा और विभागीय कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने प्रमुख रुप से जनपद के एण्ट्री प्वाइंट का जीर्णोद्धार कराने, प्रकाश व रेडियम युक्त बड़ा बोर्ड लगवाने, सीसीटीवी कैमरे व अन्य साज-सज्जा कराकरा अवगत कराने हेतु लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि शहर में प्रवेश करते समय लोगों को पता चले कि वे किसी नगर में आ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जनपद के सभी प्रवेश द्वारों का सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करें कि क्या-क्या जीर्णोद्धार के कार्य किये जा सकते हैं और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कुछ प्रमुख जनशिकायतों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कम विद्युत आपूर्ति विजिलेंस टीम के द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली, नहरों का पानी टेल तक न पहुंचने जैसी शिकायतें शामिल रहीं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि वे स्वयं दफ्तरों से बाहर निकलें और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण करायें। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति व नहरों में पानी पहुंचाएं ताकि वे सिंचाई कर सकें। इसके साथ ही विजिलेंस के नाम पर किसी भी किसान का शोषण न हो। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि जनप्रतिनिधि कोई समस्या बताते हैं तो वह समस्या उनकी व्यक्तिगत नहीं होती, बल्कि जनसमस्या होती है, ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि उक्त समस्या को नोट कर निस्तारण की तिथि निर्धारित करें और निस्तारण के उपरान्त जनप्रतिनिधियों को



अवगत भी करा दें। बैठक में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र, मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, चन्द्रशेखर पंथ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जनपद के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने विकास एवं राजस्व कार्यों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अतिरिक्त ऊर्जा, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी टॉप थ्री में रहे, वहीं आईसीडीएस पोषण अभियान, डे एनआरएलएम, अल्पसंख्यक कल्याण दशमोत्तर/पूर्वदर्शम छात्रवृत्ति, प्राथमिक शिक्षा निपुण परीक्षा आंकलन, पिछड़ा वर्ग कल्याण दशमोत्तर/पूर्वदर्शम छात्रवृत्ति, लोक निर्माण विभाग सड़कों व सेतुओं का निर्माण की प्रगति खराब रही। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके उपरान्त कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथियों के द्वारा सुरेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इंकॉ ललितपुर, अंजना वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज ललितपुर, प्रणवीर सिंह प्रधानाचार्य राजकीय हाईसकूल डोंगराकलां, कोमल सिंह नरवरिया प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल दावनी एवं अखिलेश शुक्ला प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल नैनवारा को दैबलेट वितरित किये गए। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 226 ललितपुर विधानसभा के बीएलओ कविता राजपूत, जयापाल, मनोज भारती, बृजेश कुमारी एवं 227 महरौनी विधानसभा के धर्मेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संजय कुमार तथा राजेन्द्र प्रसाद को फूलमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और अन्य बीएलओ को भी प्रेरित करने को कहा।

### साइबर ठगी का भंडाफोड़

# 40 लाख गंवाए, शिकायत पर गैंगस्टर पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है, जिसमें एक स्थानीय निवासी को डबल पैसे के लालच में 40 लाख 87 हजार 710 रुपये का नुकसान हुआ था।

पुलिस ने इस मामले में दो अंतर-राज्यीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कार्रवाई की है। रिशाला मंदिर के पास आजादपुरा निवासी मोहित जैन पुत्र मनोज जैन ने 22 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल को एक लिखित शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 08 जनवरी 2024 को, मोहित जैन को मोबाइल नंबर 9705758225 से वाट्सएप पर एक ऑनलाइन जॉब का मैसेज मिला। लालच में आकर उन्होंने हां कर दी। उन्हें एक अन्य मोबाइल नंबर 6009480587 से संपर्क किया गया और बताया गया कि उन्हें एक वेबसाइट पर बुकिंग बटन पर 35 बार क्लिक करना होगा। उनके कहे अनुसार काम करने पर जालसाजों ने उनके खाते में 1132 रुपये भेज दिए, जिससे उनका विश्वास बन गया। इसके बाद, उन्हें 3585 टीम थ्रिप्टी नामक एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जालसाजों ने उनका ब्रेनवाश किया और डबल पैसे करने का लालच देकर उनसे अलग-अलग किस्तों में कुल 40 लाख 87 हजार 710 रुपये विभिन्न बैंक खातों में डलवा लिए। जब मोहित जैन ने अपने पैसे वापस मांगे तो जालसाजों ने 16.5 प्रतिशत टैक्स जमा करने की मांग की, जिसके बाद उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। मोहित जैन ने धोखाधड़ी में भेजे गए पैसों का विस्तृत विवरण पुलिस को दिया, जिसमें फेडरल बैंक, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के कई खाते शामिल थे।

#### गिरफ्तारी

मोहित जैन की शिकायत के आधार पर, साइबर क्राइम थाना में 27 जनवरी 2024 को अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मु.अ.सं. 03/2024 धारा 420, 406 आईपीसी और 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना में निरीक्षक शावेज खान की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 फरवरी 2024 को दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें हरियाणा राज्य के भिवानी हुड्डा सेक्टर 13 निवासी अखिल पुत्र कुलदीप (गैंग लीडर) व राजस्थान राज्य के जयपुर अंतर्गत थाना झोतवारा के पवनपुरी ईस्ट चारण नदी का फाटक निवासी जैलदार पुत्र साधूराम को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कई मोबाइल फोन (एंड्रॉइड और आई-फोन) तथा विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड बरामद हुए, जो उनकी आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल होते थे। साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमे में धारा 120बी, 34 भादवि (आपराधिक षड्यंत्र) की बढ़ोत्तरी की गई और 08 अप्रैल 2024 को आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया।

#### कठोर कार्रवाई

गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास और संगठित तरीके से अपराध करने की प्रवृत्ति को देखते हुए, ललितपुर पुलिस ने उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने इस संगठित गिरोह (जिसका लीडर अखिल है और सक्रिय सदस्य जैलदार) के खिलाफ एक विस्तृत गैंग चार्ट तैयार किया गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरोह भौतिक/आर्थिक लाभ प्राप्त करने और लोक व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से साइबर अपराध कर रहा था, जिसमें लोगों से फर्जी तरीके से पैसे अपने फर्जी खातों में मंगाकर निकाल लेना शामिल था।

#### गैंगस्टर एक्ट

जिलाधिकारी से गैंग चार्ट अनुमोदित कराने के बाद 26 नवंबर को अभियुक्तगण अखिल और जैलदार के विरुद्ध उ.प्र. (गिरोहबंद अधिनियम) समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस का मानना है कि इस गैंग की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना जनहित में अति आवश्यक है, जनता इनके विरुद्ध शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी।

# नहीं है रोडवेज बसों का संचालन स्थल जनपद में बसें चलाने की मांग तेज

### उप्र व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र



**ललितपुर।** उप्र व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने प्रभारी मंत्री दनिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपकर ग्राम रोंडा में बनायी गयी ललितपुर बस डिपो का संचालन जल्द शुरू कराये जाने की मांग उठायी है। बताया कि रोड़ा बस डिपो पर शासन द्वारा लगभग 17 बसे स्वीकृत की गई है, लेकिन इसके बावजूद ना तो बस का संचालन शुरू किया और न ही डिपो संचालित हो सकी। जिले की बसें अन्य जनपदों में भेज दी जाती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कहा कि इस मुद्दे कुछ समय पहले एम.एल.सी.ने भी उठाया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह भी बताया कि डिपो शुरू न होने से छात्रों को यात्रा में कठिनाई, मरीजों को दूसरे जनपद जाने में परेशानी, व्यापारियों को परिवहन बाधाएँ, तथा आम जनता को महँगे और असुविधाजनक सफर का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रत्येक बार केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। जनहित में डिपो का संचालन अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते समय बृजेश गुप्ता, अंकित सराफ, वासु, अभिषेक नामदेव सहित अन्य व्यापारी एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से सरकार से मांग की कि रोडा बस डिपो को शीघ्र चालू करें।

### कांग्रेस ने संविधान दिवस मनाया

# लोगों को समान अधिकार देने वाला पहला विधान भारत का




**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान दिवस मनाया सबसे पहले सभी कांग्रेसजनों संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का पहला संविधान है, जिसमें सभी नागरिकों सामान अधिकार प्राप्त है। जिससे निचले पायदान खड़ा नागरिक भी बड़े-बड़े पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आज डा.भीमराव अम्बेडकर वजह से ही देश को एक मजबूत और महान संविधान देश को प्राप्त हुआ, जिससे देश व देश वासियों को प्रगति प्राप्त हुई है। इसलिए देशवासी हमेशा अपने महान नेता डा.अम्बेडकर का ऋणी रहेगा। आज संविधान की वजह से ही देश अनेक विपत्ती से निकल कर प्रगति के पाठ अग्रसर हुआ है। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत ने किया। बैठक में नेहा तिवारी, पवन विश्वकर्मा, शशिकांत दीक्षित, वीरेन्द रजक, असलम खान, मयंक राजा, हनुमत राजा, शाकिर, राहुल सेन आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने पार्क में झूलों का लिया आनंद

# एक्सपोजर विजिट में बच्चों ने देखा माताटीला स्थित हाईडिल पावर प्लांट



**ललितपुर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट के द्वारा ब्लॉक बार के परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चयनित बच्चों को माताटीला बांध स्थित हाइडिल पावर प्लान्ट का भ्रमण बीईओ बार शैलजा व्यास के निर्देशन में कराया गया। इस दौरान बच्चों ने माताटीला बांध स्थित तहलटी में जूनियर इंजी.विवेक स्नेही के निर्देशन में लाइट बनने की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने बच्चों को बताया कि पानी के द्वारा लाइट किस प्रकार बनायी जाती है। इस प्रक्रिया को बच्चों ने ध्यान से सुना। बच्चों ने इंजीनियर विवेक स्नेही से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और बच्चों ने झूलों का खूब आनंद उठाया। इस दौरान एआरपी विशाल नायक, उदयभान सिंह लोधी, हाकिम यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, डा.बृजेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र जैन, दीपक सिंघई, रवीन्द्र वर्मा, रुकमणि सोनी, रूबी जैन, पुष्पा वर्मा, अनुराधा मोदी, एकांउटेट रवीन्द्र प्रजापति, रियाज अहमद, राकेश लाल, जगदीश मौजूद रहे। इन विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग ब्लॉक बार के विज्ञान विषय के एआरपी उदयभान सिंह लोधी ने बताया कि एक्सपोजर विजिट में ब्लॉक बार के संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय, संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन, उच्च प्राथमिक विद्यालय करमई, उच्च प्राथमिक विद्यालय टोडी, उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन, देवरान, गढिया, वस्तगुंवा, मथुराडांग, सेमराडांग, नगारा, बिल्ला, दैलवारा, लडवारी, धमना, गढिया के बच्चे पहुंचे।

### पुलिस के पहुंचते ही वारदात करने वाले भागे

# दबंगों ने परिवार पर किया जानलेवा हमला विरोध किया तो घर के सीसीटीवी कैमरे तोड़े

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला झांसीपुरा में रहने वाली रामा अहिरवार पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को रात करीब 8.52 बजे वह परिजनों के साथ घर पर थी। तभी झांसीपुरा निवासी बादल उर्फ नन्नी पुत्र विनोद, मयंक उर्फ मनीष पुत्र विनोद आये और उसे परिजनों के साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर के बाहर निकलने की धमकी दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिये। मौके से पीड़िता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही उक्त लोग अपने घर भाग गये। पुलिस ने उन्हें सिविल लाइन चौकी जाने की बात कही और चले गये। जब वह अपने पति के साथ चौकी जाने के लिए घर से निकली तो उक्त लोगों ने उसके घर पहुंच कर पुत्री को गालियां दीं और मारपीट करने लगे। पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह जैसे ही पति के साथ घर की ओर लौटी तो उक्त लोगों ने पुत्री को बचाया। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसकी पुत्री से मारपीट करते हुये मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा पहले भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसे लेकर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (2), 352, 125, 351 (3) में मामला दर्ज है। तब से यह विवाद चला आ रहा है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

#### पांच भाइयों ने युवक को किया अधमरा, महिलाओं को भी पीटा

एक ही परिवार के लोगों ने एकराय होकर पड़ौसी पर जानलेवा हमला कर दिया। वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले कनई पुत्र मोहन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे पड़ौस में खड़ा हुआ था। तभी गांव के देवेन्द्र, सुरेन्द्र, पुष्पेन्द्र, राजेन्द्र व बृजभान पुत्रगण स्व.राजाराम आये और उसे बिना कारण ही गालियां देने लगे। जब उसने गालियां देने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने बारी तोड़कर धारदार हथियारों व लोहे के डण्डे से उस पर हमला कर दिया।

### यूपी-112 का अभियान

# जनता को भरोसा दिलाने नुक्कड़ नाटक व एलईडी से जनता को डायल- 112 की जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए कि आपात स्थिति में मदद बस एक कॉल की दूरी पर है। उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 व जिले की डायल-112 टीम द्वारा संयुक्त रूप से 27 नवम्बर 2025 को जन-जागरूकता की बात, जन-जन के साथ अभियान चलाया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने चलाए गए इस कार्यक्रम को लोगों का समर्थन मिला। हर वर्ग ने डायल- 112 को अपनी सबसे विश्वसनीय आपात सेवा बताया। इस अभियान में कॉलेज और प्रमुख मार्गों पर लोगों से सीधा संवाद किया। अभियान की शुरुआत किसरदा के महाविद्यालय से हुई, यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। टीम ने नाटक, पोस्टरों और लाइव डेमो के माध्यम से बताया कि 112 कैसे तुरंत सहायता पहुंचाने में मदद करता है। विद्यार्थियों ने जाना कि छेड़छाड़, सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, आग या किसी भी संकट में एक कॉल ही सुरक्षा का सबसे तेज माध्यम है। कई छात्रों ने मौके पर '112 इंडिया ऐपइ इंस्टॉल किया और इसके फीचर्स समझे।

#### बानपुर चौराहे पर लोगों से संवाद

अभियान का दूसरा कार्यक्रम भानपुर चौराहा, महरौनी में आयोजित किया गया, जहां यूपी-112 टीम ने दुकानदारों, राहगीरों, महिलाओं और युवाओं से सीधे संवाद किया। टीम ने एलईडी वैन पर दिखाए गए वीडियो ने लोगों को समझाया कि आपातकालीन स्थिति में सहायता कितनी तेजी से पहुंचती है। टीम ने नाइट एस्कॉर्ट सेवा और सवेरा योजना की भी जानकारी दी, जो खासकर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करती है। दिन का तीसरा पड़ाव बानपुर तिराहा, थाना बानपुर रहा, जहां यूपी-112 टीम ने ग्रामीणों, किसानों और स्थानीय व्यापारियों को सुरक्षा सेवाओं के बारे में जागरूक किया। 112 इंडिया ऐप की लोकेशन-शेयरिंग सुविधा को भी लोगों ने रुचि से समझा।

### केपीएसपीजी कॉलेज में संगोष्ठी हुई

# छात्र-छात्राओं को अंगदान व लैंगिक समानता के महत्व के बारे में बताया


**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंगदान एवं लैंगिक समानता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को अंगदान एवं लैंगिक समानता के महत्व के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, कदअउ प्रभारी प्रभान्शु नगाइच, मयंक जायसवाल, (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर), डॉ बीरेन्द्र सिंह (अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर), डॉ राजेश भारती (जिला संक्रामक रोग नियंत्रण अधिकारी ललितपुर) रोहित राठौर एवं अरविन्द्र कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने संबोधन में कहा कि अंगदान करना एक महान एवं पुण्य का कार्य है इससे हम अपनी जिंदगी जी कर दूसरे को जीवनदान दे सकते हैं डॉ बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। लड़कों के मुकावले लड़कियों को प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए उन्होंने अंगदान पर विशेष बल दिया, मयंक जायसवाल ने कहा कि लैंगिक समानता के परिणाम स्वरूप महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों से अच्छा प्रदर्शन कर रहीं है। प्राचर्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि छात्राओं को किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अपराध व शोषण के विरूद्ध निडर होकर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाल विवाह एवं बालश्रम के विरूद्ध भी आवाज उठाना चाहिए। प्रभान्शु नगाइच ने कहा कि आजादी के बाद लैंगिक समानता में वृद्धि हुई है क्योंकि ये अधिकार हमें

संविधान ने दिया है प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित ने श्लोक के माध्यम से नारी सम्मान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने समस्त अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्रायें एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता छाया तिवारी, प्रवक्ता अनीता साहू, प्रवक्ता नेहा श्रीवास्तव, प्रवक्ता भानुप्रताप घोष, प्रवक्ता अभिषेक शुक्ता, प्रवक्ता अमित कुमार, प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित, प्रवक्ता ज्योति रानी, प्रवक्ता रानी पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर का काम कंपलीट करने में श्योपुर से आगे विजयपुर के बीएलओ

# 125 बीएलओ ने शत प्रतिशत किया काम, इनमें 101 बीएलओ विजयपुर के

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



इन दिनों जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म का वितरण कर उन्हें भरवाने तथा भरे हुए फार्मो को प्राप्त कर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलाइजेशन कर ऑनलाइन करने का कार्य किया जा रहा है। जिले में अभी तक 91.09 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और 125 बीएलओ तो अपना काम शत प्रतिशत पूरा कर चुके है।

खास बात यह है कि इस काम को पूरा करने में विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ से आगे बने हुए है। इसलिए शत प्रतिशत काम पूरा करने वाले जिले के 125 बीएलओ में 101 बीएलओ विजयपुर के है। जबकि श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के सिर्फ 24 बीएलओ शामिल है। दरअसल श्योपुर जिले में इस कार्य की गति बढाने के लिए कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा सघन निगरानी के लिए जिले में 65 बीएलओं सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओं को फील्ड में जाकर मार्गदर्शन कर प्रतिदिन की प्रगति का जायजा ले रहे है। इसके साथ ही संबंधित तहसीलदारों द्वारा भी फील्ड भ्रमण कर एसआईआर कार्य का जायजा लिया जा रहा है। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रो में वार्ड प्रभारी बनाये गये है तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं रोजगार सहायको को सहयोग प्रदान करने के लिए नियुक्त किया गया है। जिला स्तर सहित तहसील एवं नगरीय निकायो में हेल्पडेस्क भी बनाई गई है।

#### श्योपुर में 88.41 तो विजयपुर में 93.81 प्रतिशत काम पूरा

इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि जिले के कुल 516986 मतदाताओं में से 470937 मतदाताओं के गणना पत्रक भरकर डिजिटाईज कर दिये गए है जो कि कुल मतदाताओं का 91.09 प्रतिशत है।जिनमें श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 88.41 प्रतिशत तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 93.81 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

#### 2003 के बाद विवाह, मायके से मंगाना पड़ रहा दस्तावेज

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे कई बीएलओं की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। ग्रामीण अंचलों में जिन मतदाताओं के नाम 2003 के बाद जुड़े हैं खासकर ऐसी महिलाएं जिनका विवाह 2003 के बाद हुआ है उनहे मायके पक्ष से माता पिता के वोटर आईडी कार्य में दर्ज इपिक नंबर, भाग संख्या व विधानसभा की जानकारी मंगानी पड़ रही है। जानकारी के अभाव व जागरुक न होने की वजह से यह जानकारी ग्रामीण नहीं जुटा पा रहे हैं। बीएलओ को कई बार मतदाताओं के घर के चक्कर काटने पड़ रहे है। उल्लेखनीय है कि जिले के कई घरों में 2003 के बाद शादियां हुई हैं। ऐसे में उनका नाम 2003 के बाद ही मतदाता सूची में जुड़ सका है। लेकिन एसआईआर के दौरान 2003 की मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण दिक्कत आ रही है। बीएलओ की माने तो एक मतदाता के यहां आधे घंटे से ज्यादा का समय पूरी प्रक्रिया में लग रहा है। इस बीच 2003 के बाद विवाह होकर आई महिला के गणना पत्रक को भरने में तो और ज्यादा समस्या होती है। मायके पक्ष का इपिक नंबर, भाग संख्या व विधानसभा सहित अन्य जानकारी उपलब्ध न होने की स्थिति में उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ता है। समझाने के बाद भी वह जानकारी जुटाने में समय लग रहा है।

#### इनका कहना है...

जिन मतदाताओं द्वारा अभी तक फार्म जमा नही किये गये है, वे 4 दिसंबर से पहले ही फार्म भरकर बीएलओ को जमा करा दें, जिससे बीएलओ एप के माध्यम से उन्हें आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन करने की प्रक्रिया की जा सकें और जिले में यह कार्य पूरा किया जा सके।

**अर्पित वर्मा**
**कलेक्टर श्योपुर**

### संभागीय हॉकी प्रतियोगिता में पुरुष टीम ने स्वर्ण तो महिला टीम ने जीता कांस्य पदक

# हॉकी में श्योपुर के खिलाडियों ने रचा इतिहास दतिया को हराकर मुरैना की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कॉलेज स्तरीय संभागीय हॉकी प्रतियोगिता दतिया जिले में आयोजित हुई है। इस संभागीय प्रतियोगिता के हॉकी पुरूष वर्ग में मुरैना जिले की टीम ने स्वर्ण पदकर जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया है। वहीं महिला वर्ग की टीम ने कांस्य पदक जीता है। खास बात यह है कि संभागीय प्रतियोगिता में मुरैना जिले की ओर से जो हॉकी टीम खेलने के लिए मैदान में उतरी,उसमें ज्यादातर खिलाडी श्योपुर के महाविद्यालय और श्योपुर के कन्या महाविद्यालय के छात्र छात्राए शामिल है। जिन्होने अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजयी श्री हांसिल करने का एक नया इतिहास रचा है।

बताया गया है कि संभागीय प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले में मुरैना जिले की टीम ने पुरूष वर्ग में दतिया की टीम को 2-0 के स्कोर से हरा के संभागीय चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। पुरुष वर्ग में चरणजीत सिंह, सुमित, विष्णु बैरवा, महावीर, अमित जंगम का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। वहीं महिला वर्ग में मुरैना जिले की टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में ग्वालियर से शिकस्त खाने के चलते कांस्य पदक हासिल कर सकी। महिला वर्ग में श्योपुर की खिलाडी छात्रा मुस्कान गुर्जर, गौरी गुर्जर, अमनदीप उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। संभागीय प्रतियोगिता में भागीदारी करके लौटे श्योपुर के खिलाडी छात्र छात्राओं का शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय श्योपुर के स्टाफ ने सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढाया और उनके आगे बढने की शुभकामनाए प्रदान की। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य श्योपुर डॉ ओ पी शर्मा, कन्या कॉलेज प्राचार्य डॉ एस डी राठौर, डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ सीमा चौकसे, खेल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया एवं हीरा सिंह सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

# हमें जीवन के हर संकट में मार्ग प्रशस्त करती है गीता:शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




शासन निर्देशो के अनुरूप कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में व्याख्यान आयोजित किया गया।

भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता डा विपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों कों नित्य गीता के श्लोक का पठन करना चाहिए, गीता हमें जीवन के हर संकट मे मार्ग प्रशस्त करती है वहीं हमें मानव जीवन का लक्ष्य समझाने एवं अच्छा जीवन जीने के लिए प्रेरणा देती है। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि गीता व्यक्ति कों संस्कृति, संस्कार तथा कर्म करने का संदेश देती है वहीं त्याग का महत्व बताने तथा जीवन के सार्थक बनाने का संदेश देती है। वरिष्ठ प्रोफेसर डा एसडी राठौर ने कहा कि जीवन मे सद्गुण सीखने तथा कर्तव्य पालन की शिक्षाएं श्रीमद भगवत गीता से मिलती है। कार्यक्रम का संचालन डा सीमा चौकसे ने किया।

### राहुल बने मैन आफ द मैच, मुख्य अतिथि मानपुर टीआई ने दिया पुरस्कार

# क्रिकेट टूर्नामेंट: ढोढर स्कूल की टीम को ढोढर थाने की टीम ने सात विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जवाहर गुडडी मेले के उपलक्ष्य में ढोढर के खेडापति क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को ढोढर पुलिस थाना और ढोढर हायरसेकंडरी स्कूल की टीम के बीच मैच खेला गया। रौचकता से भरे इस मैच में ढोढर पुलिस थाने की टीम ने ढोढर हायरसेकंडरी स्कूल की टीम को सात विकेट से पराजित कर दिया है। ढोढर स्कूल टीम की कप्तानी जहां प्राचार्य राजेन्द्र सिंह रावत ने कही,वहीं ढोढर पुलिस टीम की कप्तानी ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने संभाली। टॉस ढोढर स्कूल टीम के कप्तान प्राचार्य राजेन्द्र सिंह रावत ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैदान में खेलने के लिए उतरी ढोढर हायरसेकंडरी स्कूल की टीम निर्धारित 15 ओवर में 117 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने के लिए ढोढर पुलिस थाने की टीम ने 13 ओवर में तीन विकेट खोकर विजयी लक्ष्य हांसिल कर लिया। मैच की समाप्ति के बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार पुलिस थाने की टीम की ओर से खेलने वाले उप निरीक्षक राहुल शर्मा को शानदार खेल प्रदर्शन करने के चलते दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह ने की,जबकि देहात थाना प्रभारी शशि तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

#### राहुल ने बनाए 39 रन, तीन विकेट भी चटकाए

इस मैच में ढोढर पुलिस थाने की टीम की ओर से खेलने वाले उप निरीक्षक राहुल शर्मा इस मैच की जीत के हीरो रहे है। जिन्होने 39 रनों की न सिर्फ शानदारी पारी खेली,बल्कि विरोधी टीम के तीन बल्लेबाजों को अपनी गेंद पर आउट करने का कारनामा भी किया। इसलिए राहुल शर्मा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उधर ढोढर स्कूल की टीम की ओर से सबसे अधिक 62 रन शिव चरण सर के द्वारा बनाए गए।

# नहीं रहे रामबड़ौदा के पंडित हरिशंकर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ग्राम रामबडौदा के वयोवृद्ध पंडित हरिशंकर शर्मा का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। पंडित हरिशंकर शर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडकर गए है। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार रामबडौदा में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बडी संख्या में समाजीय लोगों के साथ साथ गांव के लोग भी शामिल हुए।

# पांडोला के आंगनबाड़ी केंद्र पर आयुष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष पांडोला के तत्वाधान में आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सुप्रजा और वयोमित्र थीम पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी श्योपुर डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र पाण्डोला-डी पर आयोजित उक्त शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं वृद्धजन का स्वास्थ्य परीक्षण एवं हीमोग्लोबिन, मधुमेह और ब्लड प्रेशर की जांच कर रोगानुसार निःशुल्क औषधि प्रदाय की गई। शिविर में डॉ राजवर्धन रावत, कंपाउंडर चेतन प्रकाश रावत, दवासाज श्याम सुंदर धाकड़ की टीम द्वारा 55 लोगों का परीक्षण कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया।

# नेशनल लोक अदालत के क्रियान्वयन के लिए विभागों के साथ बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर कपिल मेहता के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु जिला न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. भवन में प्रतिष्ठा अवस्थी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्योपुर की अध्यक्षता में बैंक, विद्युत, नगरपालिका, पुलिस विभाग, वन विभाग, बी.एस.एन.एल. एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रतिष्ठा अवस्थी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित बैंक व क्लेम अधिवक्ताओं को नेशनल लोक अदालत में रखे जा रहे, प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकृत किये जाने हेतु चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से उपस्थित अधिकारीगण को उक्त नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने निर्देशित किया गया और बताया कि जिन प्रकरणों को प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकृत किया जा सकता है, उनमें संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस जारी कर प्रीसिटिंग में समझाईश दी जाये जिससे उनके प्रकरणों को न्यायालय में दर्ज होने के पूर्व ही निराकृत किया जा सके। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ललित मुद्गल, एस.डी.ओ.पी. राजीव गुप्ता, मुख्य नपा अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, विद्युत विभाग के अधिकारीगण, वनविभाग के अधिकारीगण, बैंक, विद्युत व क्लेम प्रकरणों के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के निर्देश बेअसर, नहीं सुधर पाई मुक्तिधामों की स्थिति,परेशान हो रहे ग्रामीण

# अव्यवस्था के शिकार मुक्तिधाम, कहीं टीनशेड नहीं तो कहीं जाने के लिए रास्ता भी नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भले ही सरकार गांवों का विकास करने के खूब दावे करें, लेकिन सरकार के इन दावों की पोल जिले के उन गांवों के मुक्तिधाम खोल रहे है,जहां के मुक्तिधामों में सुविधाओं के नाम पर अभी तक कुछ नहीं है। कई गांवों के मुक्तिधामां की ऐसी बदहाल स्थिति है कि वहां न तो टीनशेड की व्यवस्था है और न ही पहुंचने के लिए सुविधाजनक रास्ता है। कुछ मुक्तिधाम तो ऐसे है,जहां कि व्यवस्थाए तो कागजों में जोरदार बना रखी है,लेकिन हकीकत में वहां अव्यवस्थाओं के अलावा कुछ भी नहीं है। जिसकारण ग्रामीणों को खासी असुविधाए उठानी पड रही है।

विशेष बात तो यह है कि कलेक्टर भी अगस्त माह के दौरान हुई प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में मुक्तिधामां की बदहाल स्थिति मे सुधार करते हुए वहां जरूरी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दे चुके है,लेकिन कलेक्टर के ये निर्देश भी मैदानी प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण बेअसर साबित हो रहे है। क्यांकि कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी मुक्तिधाम की स्थिति सुधर नहीं सकी है। जिसकारण जिले में मुक्तिधामों की अव्यवस्थाओं को लेकर कई बार श्योपुर जिले को शर्मसार भी होना पडता है।

इसके बाद भी पंचायत के अधिकारी इस मामले में क्यों गंभीरता नहीं दिखा रहे है,इसको लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे है। इस संबंध में कलेक्टर अर्पित वर्मा का कहना है कि ग्राम पंचायतो में मुक्तिधामों की स्थितियों को पता करवाया जाएगा और जहां सुविधाओं का अभाव दिखेगा,वहां सुविधाएं बढाए जाने के लिए संबंधितो को निर्देशित किया जाएगा।

#### सामंतापुरा: यहां चंबल नदी किनारे करते हैं अंतिम संस्कार

रघुनाथपुर क्षेत्र के ग्राम सामंतापुरा में अभी तक मुक्तिधाम ही नहीं बनाया गया है। जिसके चलते गांव के ग्रामीण अंतिम संस्कार चंबल नदी किनारे करते है। जब बारिश के दौरान चंबल नदी का जल स्तर बढ जाता है तो ग्रामीण खेत या फिर बीहड में ले जाकर अंतिम संस्कार करने के मजबूर होते है। यह चौकाने वाली बात ही है कि यहां अभी तक मुक्तिधाम बनाते हुए सुविधाएं विकसित क्यों नहीं की गई है।

#### जैनी:साफ सफाई का अभाव, प्रवेश द्वार पर लगे घूरे के ढेर

मानपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैनी के मुक्तिधाम में कहने के लिए टीनशेड की सुविधा तो बनी हुई है। मगर मुक्तिधाम के अंदर पानी की कोई सुविधा नहीं है। यही नहीं, मुक्तिधाम के अंदर प्रवेश करने का जो रास्ता है,उस रास्ते पर घूरे के ढेर पडे हुए है। इस घूरे के ढेर से होकर अंतिम यात्रा को ले जाने के लिए ग्रामीणो को विवश होना पड रहा है। कई बार अवगत कराने के बाद भी ग्राम पंचायत मुक्तिधाम की व्यवस्थाओ में सुधर नहीं कर पा रही है।

#### रामबड़ौदा: बंद पड़ा बोर, पानी की नहीं कोई सुविधा

जनपद श्योपुर के ग्राम रामबडौदा में मुक्तिधाम की बाउंड्रीबाल बनी है और टीनशेड की सुविधा भी है। लेकिन साफ सफाई के अभाव में पूरे मुक्तिधाम परिसर में गंदगी पसरी हुई है। हालांकि मुक्तिधाम में बोर लगा हुआ है,लेकिन बोर की मोटर काफी समय से खराब पडी है,जिसे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सुधार नहीं पा रहे है और अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुक्तिधाम पहुंचने वाले लोग परेशान हो रहे है।

#### अडूसा:अतिक्रमण निगल गया मुक्तिधाम का रास्ता

जनपद श्योपुर की ग्राम पंचायत लहचौडा के अधीन आने वाले गांव अडूसा के मुक्तिधाम में यूं तो टीनशेड की सुविधा विकसित कर दी गई है। लेकिन मुक्तिधाम के लिए कोई रास्ता नहीं है। आसपास के लोगों ने अतिक्रमण करके मुक्तिधाम जाने का रास्ता निगल लिया है। ऐसे में शव यात्रा के साथ पहुंचने लोगो को खेतों के बीच से होकर मुक्तिधाम पहुंचना पड रहा है। इस दौरान लोगो को खासी असुविधाए झेलनी पड रही है। जबकि नजदीकी गांव बनवाडा के मुक्तिधाम की स्थिति भी अच्छी नहीं है। यहां पानी की कोई सुविधा नहीं है। जबकि चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

#### इकलौद: सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं

तहसील विजयपुर के ग्राम इकलौद में स्थित मुक्तिधाम में भी सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। क्वारी नदी के किनारे बने मुक्तिधाम पर न तो टीनशेड की सुविधा है और न ही पानी की सुविधा उपलब्ध है। मुक्तिधाम का रास्ता भी सुविधा जनक नहीं है। ऐसे में यहां बारिश के दौरान तिरपाल तानकर अंतिम संस्कार करने जैसी शर्मनाम स्थिति भी कई बार निर्मित हो चुकी है,इसके बाद भी जिम्मेदार मुक्तिधामों पर सुविधाएं विकसित करने में सक्रियता क्यों नहीं दिखा रहे है। यह सबसे बडा गंभीर सवाल बना हुआ है।

# 200 करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं गुना को समर्पित कर रहा हूं: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को मुंद्रा हनुमान बमोरी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रित 20 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री ने मूडरा हनुमान (बमोरी) क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिनमें सबसे प्रमुख परियोजनाएं सड़क परियोजनाएं हैं।

धाननखेड़ी–सबरामोदी, झागर–मूडरा हनुमान, बनेह–सबरामोदी, मोई -अनवादा, नयागांव-बरोदिया तथा पाटन बाईपास जैसी महत्वपूर्ण सड़कों का लोकार्पण किया गया, जिन पर कुल 10 करोड़ से अधिक की राशि व्यय हुई हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुगम होगा और हजारों लोगों को अधिक नागरिकों की दैनिक यात्रा में उल्लेखनीय सुधार आएगा। यह सड़कें इन हजारों लोगों की जीवन को सुगम बनाने, शहर से आवागमन को आसान करने और व्यापारी, बुजुर्ग, छात्र, महिलाओं सहित सभी को सहूलियत देने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएंगी। इसी क्रम में 1.47 करोड़ लागत से तैयार कपसी, बमोरी के हाई स्कूल भवन का भी लोकार्पण किया गया, जो स्थानीय छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। सिंधिया ने कहा कि शिक्षा की यह अलख ही गुना के मेरे एक एक बच्चे को प्रतिस्पर्धी विश्व के लिए तैयार करेगी। अब बमोरी के बच्चों को उनके गांव में ही उच्चस्तरीय शिक्षा मिलेगी जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करेगी। अपने संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को मजबूती प्रदान करने के लिए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने चार 33/11 KVA सब-स्टेशनों का शिलान्यास किया। इनमें मुंद्रा हनुमान (3.08 करोड़), कालीभूत (2.89 करोड़), क्रोंद- आरोन (2.47 करोड़) और धनवाड़ी (2.34 करोड़) में स्थापित होने वाले सब-स्टेशन शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### जिलेभर में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज, पड़ताल हुई आरंभ

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी यशपाल सिंह राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगराम और वर्षा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा कला निवासी उपासना लाधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरोंदा निवासी प्रीतम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुखवीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### छात्र-छात्राओं ने शाढ़ौरा में जागरुकता रैली निकाल कर दिया संदेश



**शाढ़ौरा।** छात्र छात्राओं ने शाढ़ौरा में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्रों ने विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को बाल सुरक्षा, जागरूकता और बच्चों के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनाए रखने के संदेश दिए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और हर बच्चे के सुरक्षित एवं खुशहाल वातावरण पर ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुनील सिकरवार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के डायरेक्टर बृजकिशोरशर्मा ,असिस्टेंट डायरेक्टर हिमांशु उपाध्याय, प्राचार्य अजय शर्मा, एएसआई मनीराम जाटव, एएसआई गजराज सिंह, प्र.आरक्षक विजय सिंह एवं प्र. आरक्षक जय सिंह, तथा आरक्षक प्रशांत खटीक और उमेश खटीक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने छात्रों के उत्साह की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को समाजहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** गुरूवार को लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के अपने अपने सुझाव दिए और आने वाले सप्ताह एवं महीने में लिए किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूप रेखा तैयार की। बैठक में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई एवं सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिए गए। संयोजकों ने स्वेच्छा से कार्यक्रमों में योगदान के लिए नाम भी लिखवाए।

## देश में पहला स्थान, भारत निर्वाचन आयोग ने सराहना की

# अशोकनगर में एसआईआर के डिजिटाइजेशन में 100% कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पूरे भारत में अशोकनगर एसआईआर के डिजिटाईजेशन में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बाद अशोकनगर जिले ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इस कार्य को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह की सराहना की है। यह एसआईआर का कार्य 12 राज्यों में चल रहा था।



आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश में तीनों विधान सभाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों/बीएलओ सुपरवाईजर/बीएलओ को दिये गये निर्देश एवं गूगल मीट तथा वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गई समीक्षा एवं निर्देशन के आधार पर तीनों विधानसभाओं में डिजिटाईजेशन का कार्य आज 27 नबंवर तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने में सफलता अर्जित की है। जो देश में प्रथम स्थान पर है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य का कार्यक्रम दिनांक 04.11.2025 को जारी कर दिनांक 04.12.2025 तक मतदाताओं के डिजिटाईजेशन करने हेतु निर्देशित किया गया। अशोकनगर जिले में कुल मतदाता 645478 है, जिनमें से विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर (अजा) 223410, विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी 202236 तथा विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली- 219832 मतदाता है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा आदित्य सिंह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बधाई दी गई है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।




**मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही पाए जाने पर बीएलओं सुपरवाइजर पर निलंबन की कार्यवाही** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने बीएलओ सुपरवाइजर और शासकीय महाविद्यालय अशोकनगर के सहायक प्राध्यापक विजय सिंह पर निलंबर की कार्यवाही की है। समीक्षा के दौरान डिजिटाइजेशन का कार्य अपेक्षा से काफी धीमा पाया गया था।

जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेश के अनुसार, विजय सिंह को विधानसभा अशोकनगर क्षेत्र में बीएलओ सुपरवाइज़र की जिम्मेदारी दी गई थी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवंबर से एसआईआर का डिजिटाइजेशन कार्य बीएलओ स्तर पर चल रहा है, जिसका पर्यवेक्षण उन्हें करना था।

**कई मतदान केंद्रों पर कार्य की गति बहुत धीमी** 25 नवंबर की समीक्षा में पाया गया कि उनके क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, मतदान केंद्र क्रमांक 96 पर केवल 62 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 95 पर 74 प्रतिशत, केंद्र क्रमांक 97 पर 76 प्रतिशत और केंद्र क्रमांक 139 पर 76.09 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य ही पूरा हो सका था। यह प्रगति अन्य सुपरवाइज़रों की तुलना में काफी कम पाई गई।

**कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं मिला** जिला निर्वाचन अधिकारी ने 26 नवंबर को कारण-बताओ सूचना पत्र जारी कर विजय सिंह से स्पष्टीकरण मांगा था। तय समय में कोई जवाब नहीं दिया गया, जिसे गंभीर अनुशासनहीनता माना गया।

## सांसद खेल महोत्सव में जोश और उत्साह

# सांसद कुशवाह ने करैरा में मैराथन को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन आई लव करैरा तिराहा से प्रारंभ होकर सहायता केंद्र तक संपन्न हुई। स्थानीय नागरिकों और खिलाडियों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया।

मैराथन शुभारंभ अवसर पर सांसद कुशवाह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने हेतु सांसद खेल महोत्सव एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल खेलों के प्रति जागरूकता लाता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी सशक्त करता है। कार्यक्रम के समापन पर सांसद कुशवाह द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, विधायक करैरा रमेश खटीक, जिला पंचायत सदस्य अंशुमान सिंह रावत, करैरा मंडल अध्यक्ष वीनस गोयल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### तेज आवाज में बज रहे डीजे पर एसडीएम ने की कार्रवाई



**दिनारा।** करैरा एसडीएम अनुराग निंगवाल ने मंडी झांसी रोड क्षेत्र में तेज ध्वनि में बज रहे एक डीजे को मौके पर ही पकड़ लिया। डीजे संचालक द्वारा दिनदहाड़े तेज आवाज में साउंड बजाकर कोलाहल नियंत्रण नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा था। एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से डीजे सेट को जप्त कर करैरा पुलिस के सुपुर्द किया और आवश्यक कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए।

## अनुपस्थित 04 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदेरी का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 04 कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नही पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्देरी के 4 कर्मचारी रजत शर्मा सिक्योरिटी सुपरवाइजर, राकेश कुमार जैन सहायक ग्रेड-03, गौरव माथुर आईसी बीईई, प्रतीक घोष इंचार्ज स्टोर को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि गुरूवार को जब निरीक्षण किया गया तब उपस्थित पंजी पर हस्ताक्षर होना नहीं पाए गए न ही आप कर्तव्य स्थल पर उपस्थित पाए गए।



**अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया** कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को चंदेरी पहुंचकर सिविल अस्पताल चंदेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि वार्डों में कमियां है उन्हें यथाशीघ्र दुरुस्त किया जाए। सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल में आने वाले मरीजों को आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए की बीएमओ कार्यालय में अनुपस्थिति लगाए जाने हेतु बायोमेट्रिक मशीन स्थापित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न वार्डो में डॉक्टर समय पर उपस्थित रहे। जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का डॉक्टर सेवाभाव के साथ उपचार करें। जिससे मरीज समय पर स्वास्थ्य लाभ लेकर पूर्ण स्वस्थ होकर अपने गंतव्य की ओर जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर सिविल अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को एक्सरे की सुविधा मिल सके,इस हेतु एक्सरे मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए।

## सांसद खेल महोत्सव में मुंगावली की प्रतिभा का जलवा

# रक्षा बघेल ने करैरा ब्लॉक में आयोजित मैराथन में प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

सांसद खेल महोत्सव के ब्लॉक स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता में शासकीय हाई स्कूल मुंगावली की प्रतिभाशाली छात्रा रक्षा बघेल ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रक्षा ने अपनी गति, कौशल और दृढ़ संकल्प के दम पर न सिर्फ प्रतियोगिता में बाज़ी मारी, बल्कि पूरे क्षेत्र में विद्यालय का परचम भी लहराया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के बीच रक्षा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

प्रतियोगिता के बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंच पर उपस्थित गणमान्यों, जनप्रतिनिधियों तथा खेल आयोजन समिति के सदस्यों ने रक्षा को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते समय रक्षा के चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व की चमक साफ झलक रही थी। तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि एक ओर जहां विद्यालय की छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कतारबद्ध खड़ी हैं, वहीं दूसरी ओर मंच पर रक्षा को पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। यह दृश्य पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियाँ आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और रक्षा बघेल इसका जीवंत उदाहरण हैं।




विद्यालय परिवार ने रक्षा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रुचि पुरोहित ने कहा कि रक्षा शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और समर्पित छात्रा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा की मेहनत और लगन ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे मुंगावली क्षेत्र को गर्वित किया है। विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भी रक्षा को शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता आयोजकों ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, ताकि ऐसे मंचों के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। करेरा ब्लॉक में आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल के प्रति बढ़ती रुचि का प्रतीक है। रक्षा की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे ब्लॉक का मान बढ़ाया है। स्थानीय लोगों ने भी रक्षा को बधाइयां दीं और कहा कि आने वाले समय में वह जिला, संभाग और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगी। अंत में, पुरस्कार वितरण के बाद रक्षा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके शिक्षकों, परिवार और खेल प्रशिक्षकों के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है।

# हत्या के 8 दोषियों को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

न्यायालय अपर सत्र न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा गुरूवार को निर्मम तरीके से हत्या करने वाले 8 आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। हत्या करने वाले इन आरोपियों में महेन्द्र पुत्र रामलाल अहिरवार, राजबाई पत्नि चरणसिंह अहिरवार, कमलाबाई पत्नि दिनेश अहिरवार, दिनेश पुत्र हल्कूराम अहिरवार, चरणसिंह पुत्र हल्कूराम अहिरवार,शारदाबाई पत्नि शिवसिंह अहिरवार, सभी निवासीगण ग्राम सेजी थाना शाढौरा जिला अशोकनगर के अलावा विनोद पुत्र अशोक अहिरवार निवासी ग्राम नेव करैया थाना आरोन जिला गुना और रविन्द्र पुत्र रामलाल अहिरवार निवासी पुरैनी थाना म्याना जिला गुना शामिल हैं। जिन्हें आजीवन कारावास एवं कुल 1500-1500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी के निर्देशन में अभियोजन का प्रभावी तरीके से संचालन किया गया। अभियोजन शाखा के मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि फरियादी शैलेश पुत्र निरपत अहिरवार उम्र 25 साल निवासी सेजी पठार ने सीएचसी शाढौरा में घायल अवस्था में जुबानी रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम सेजी पठार पर अपने माता-पिता व परिवार के साथ रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता हूं। हमारा, हमारे गांव की कपूरीबाई के परिवार से कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी जमीनी विवाद की रंजिश पर से दिनांक 02.11.2020 के शाम करीबन 5:45 बजे मैं, अपने पिता एवं माता के साथ घर के बाहर बैठकर बातें कर रहे थे उसी समय कपूरीबाई के परिवार के 7-8 लोग महिला व पुरूष अपने-अपने हाथों में लाठी, फरसा, बका, क्रिकेट बल्ला लेकर एकराय होकर जान से मारने की नीयत से आये। जिनमें चरण सिंह के हाथ में बका, दिनेश व महेन्द्र फरसा, रविन्द्र, कमलाबाई व शारदा बाई लाठियां राजबाई हंसिया एवं विनोद क्रिकेट का बल्ला लिये थे। जिन्होंने हमें घेर लिया व मेरे पिता निरपत को चरण सिंह ने जान से मारने की नीयत से हमला किया गया था। जिससे उनके सिर, हाथ, पैर व शरीर में जगह-जगह चोंटें आयी और खून निकल आया था। फरियादी अपने पिता को बचाने लगा तो उसे भी उक्त सभी ने जान से मारने की नीयत से फरसा, लाठी, डंडा व बका से मारपीट कर चोंटें पहुंचाई थीं। जिससे मुझे मेरे सिर, दोनों हाथों के पंजे, दोनों पैरों की जांघों में चोटें आई थीं। मौके पर 100 डायल पुलिस वाहन ने मुझे व मेरे पिता को अस्पताल शाढौरा लाई व पिता निरपत की उपचार के दौरान अस्पताल शाढौरा में मृत्यु हो गई।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने सरदारपुर निवासी भूरी बाई नायक के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने सरदारपुर निवासी रानी नायक के पास से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। बहादुरपुर पुलिस ने विपिन केवट निवासी बरखेडा जमाल के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने ग्राम कर्र निवासी देवराज धानक के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## सुधासागर महाराज ने अपने प्रवचनों के दौरान श्रद्धालुजनों को दिए ज्ञानोपदेश

# संसार में कोई एक भी स्थान नहीं जहां सिर्फ धर्मात्मा रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के पुंगव मुनि सुधासागर महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संसार में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहां सिर्फ धर्मात्मा ही रहें, पापीयों के लिए सारा संसार पड़ा है। चारों तरफ पापीयों का राज्य है। ऐसा कोई स्थान नहीं है जहां सिर्फ धर्मात्मा रहेंगे कोई पापी नहीं रह सकता। प्रकृति ने धर्मात्माओं के लिए कोई स्थान सुरक्षित किया ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि संसार ऐसा ही है जब किसी को संत बनने की प्रेरणा देते हैं तो सब असार बताते हैं संसार में कुछ नहीं रखा, सब छोड़ दें। भक्त ने वैराग्य धारण कर लिया फिर गुरु मौन हो गये जय श्री राम हो गया अब तो सिर्फ मौन हो गये दुनिया में कैसे जीना है इसकी कला सीखाई गई है। मैं सब कुछ करुंगा मुझे पाप का वंध नहीं होना चाहिए कीचड़ में तो रहुगा लेकिन जंग नहीं लगना चाहिए।

### दुनिया में यदि खोटा है तो चोखा होगा ही होगा

उन्होंने कहा कि दुनिया में यदि खोटा है तो चोखा होगा ही होगा। अपन कहें इतने साल धर्म करते हुए हो गये कोई शान्ति नहीं मिली। वर्षो से मन्दिर जा रहे हैं कुछ नहीं हुआ गुरुओं के पास गया कुछ भी नहीं मिला तो भी थकना नहीं है। कितना ही थक जाओ थककर बैठना नहीं है फिर उठो और खोज करने में लग जाओ। एक संकल्प कर लो मैं सत्य को खोजकर रहूंगा। हीरा कहा मिलता है कोयला की खान से निकाला जाता है जहां काला ही काला कोयला भरा पड़ा है उसके बीच में एक दम चमक दार हीरा मिला वह सबसे अच्छा माना जाता है।



### संसार में सबसे गंदा शरीर मनुष्य का होता है जहां भगवान बनने वाली आत्मा रहती है

उन्होंने कहा कि यह शरीर कैसा है इस शरीर में मल मूत्र भरा पड़ा है कैसे गन्दे स्थान पर आत्मा को रख दिया। सबसे अच्छा शरीर देवताओ का होता है और संसार में सबसे गंदा शरीर मनुष्य का होता है। इसमें आत्मा को रखा गया जो भगवान बन सकतीं हैं इसके लिए खोज जारी रखना पड़ेगा। हम धर्म करते हुए थक रहे हैं दया करने में थक गए हिंसा करने वाले भी सुबह उठते ही फिर युद्ध करने चले जाते हैं और तुम धर्म करते करते थक गए। नहीं थकना नहीं है। हम एक जीव को भी नहीं बचा पाये तो भी नहीं थकेगे पारसनाथ स्वामी अवधि ज्ञानी थे। सब जानते थे यह नाग नागिन इतने जल चुके थे कि यह बचेंगे नहीं फिर भी बचाने में लगे रहे डॉक्टर भी अंतिम श्वास तक प्रयास करता रहता है। यदि डॉक्टर एक मिनिट पहले भी मरीज़ को भगा दे तो एफआईआर हो सकती है डॉ अंतिम समय तक प्रयास करता रहता है इसलिए हमें थकान नहीं है।

### दुनिया भर से कोई भी व्यक्ति थूवोनजी का ट्रस्टी बन सकता है

इस अवसर पर क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद और प्रेरणा से इस तीर्थ को देशभर के ही नहीं दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले हमारे जैन बन्धु दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के ट्रस्टी बनकर कमेटी से जुड़ सकते हैं। आज भी ललितपुर जैन समाज के स्तंभ राजेन्द्रकुमार लल्लू भइया परम संरक्षक वन रहें हो इस दौरान जैन समाज शाढ़ौरा दारा पूज्य श्री को श्री फल भेंट किये। इनका सम्मान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यिा संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुखजनों द्वारा किया गया।